भूमि सुधार उप समाहर्ता का न्यायालय पोड़ाहाट, चक्रधरपुर।

टी०ए० मिस केस सं०–150/2017–18

आदेश की तिथि	आदेश	आदेश पर की गई कार्रवाई के बाद टिप्पणी तारीख साथ
30.01.2018	अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी, मनोहरपुर का जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। अगली तिथि 15.2.18 को निर्धारित की जाती है। अभिलेख 15.2.18 को उपस्थापित करें । 30.1.18 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता पोड़ाहाट, चक्रधरपुर।	
15.02.2018	अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी, मनोहरपुर के पत्रांक 47, दिनांक 09.02.2018 द्वारा जांच प्रतिवेदन दिनांक 12.02.2018 को प्राप्त हुआ है। अंचल अधिकारी, मनोहरपुर ने प्रतिवेदित किया है कि आवेदक **श्री सोमरा उर्फ सोमा उरांव**, पिता **स्व0 मुटू उरांव**, ग्राम–**नन्दपुर**, थाना–**मनोहरपुर**, जिला प० सिंहभूम ने छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(प)प्रोभिजो "ए"/"बी" के अन्तर्गत भूमि हस्तांतरण हेतु आवेदन पत्र दिया है। खतियानी जमीन मौजा–**नन्दपुर**, थाना नं0–**85**, खाता नं०–**214**, प्लॉट नं०–**758**, रकवा **0.24 ए0**, क्रेता **श्री दीपक गुड़िया**, पिता–**विरसा गुड़िया**, ग्राम–**जोजोगुटू** पो0–**मनोहरपुर**, थाना–**मनोहरपुर**, जिला प० सिंहभूम के पास बिक्री करना चाहते है। दोनों पक्षों को सूचना निर्गत किया गया एवं आम इश्तेहार किया गया। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से पता चलता है कि बिक्री की जानेवाली जमीन आवेदक **श्री सोमरा उर्फ सोमा उरांव**, पिता **स्व0 मुटू उरांव** के दखल कब्जे में है तथा अपने हक के ही जमीन को क्रेता के पास **2,00,000/– (दो लाख)** रूपये में बेचना चाहते है। आम इश्तहार एवं नोटिस तामिला प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आवेदित जमीन को बेचे जाने पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की आपत्ति इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। तामिला प्रतिवेदन अभिलेख के साथ संलग्न है। बिक्रेता एवं क्रेता दोनों अंचल एवं थाना–**मनोहरपुर** के निवासी है। विक्रेता " **उराँव**" एवं क्रेता "**हो**' दोनो **(अ०ज०जा०)** समुदाय के सदस्य है। विक्रेता उक्त वर्णित भूमि मकान बनाने हेतु बेचना चाहते है। प्रश्नगत भूमि के बिक्री के पश्चात विक्रेता को जीविकोपार्जन हेतु रकवा–**2.72 ए0** भूमि अवशेष के रूप में बचती है। अंचल अधिकारी, **मनोहरपुर** द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन तथा आम इश्तेहार पर आपत्ति प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप आवेदक/आवेदिका को अपने हक एवं दखल की उपरोक्त जमीन क्रेता क्रेता **श्री दीपक गुड़िया**, पिता–**विरसा गुड़िया**, ग्राम–**जोजोगुटू** पो0–**मनोहरपुर**, थाना–**मनोहरपुर**, जिला प० सिंहभूम के पक्ष में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(i)प्रोभिजो "ए"/"बी" के अन्तर्गत उक्त भूमि हस्तांतरण करने की **स्वीकृति** दी जाती है। आदेश की प्रति पक्षकार को उपलब्ध करायें। लेखापित 15.2.18 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता पोड़ाहाट, चक्रधरपुर 15.2.18 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता पोड़ाहाट, चक्रधरपुर	